वर्द्धमान News Digital Edition
शिक्षा • सेवा
समाज • धर्म
संस्कृति का उजियारा
ब्यावर
दि. 04 जनवरी 2026, रविवार
विशेषांक 1



जैन संतो का हुआ दिव्य महामिलन

गोपाल सागर में मिली संयम पथ की दो धाराएं



रविवार, 04 जनवरी 2026 ब्यावर जिले के खरवा से पहले गोपाल सागर रविवार की शाम एक ऐसे विशिष्ट पल का साक्षी बना जो सदैव अविस्मरणीय रहेगा। दो अलग अलग परंपराओं का अनुसरण करने वाले पंथ के दो दिव्य संत तेरापंथ आचार्य श्री महाश्रमण जी एवं युवा दिगम्बर मुनि आदित्य सागर जी का दिव्य महामिलन हुआ। दोनों संतो ने बड़ी आत्मीयता से काफी देर तक आपस में वार्ता की जिसमें उन्होंने एक दूसरे की परम्पराओं को जाना एवं एक ही स्वर में कहा कि हमारे पंथ और पथ अलग हो सकते हैं लेकिन हम सबका लक्ष्य एक ही है कि भगवान महावीर स्वामी एवं हमारे समस्त तीर्थंकरों की वाणी एवं उपदेशों को आमजन तक पहुंचाना। मुनि आदित्य सागर ने कहा कि घर अलग अलग हो लेकिन छत एक ही होनी चाहिए। छत अलग भी हो मगर आना जाना लगा रहना चाहिए। परस्पर में सहयोग की भावना हो तब तो ठीक है लेकिन जहां परस्पर में प्रतियोग की भावना आ जाती हो वहां सब कुछ शांत हो जाता है।हमारे साधु, संतो, धर्म गुरुओं की एक फेडरेशन बननी चाहिए जो एकमत होकर यह निर्णय ले कि हमें किसी भी विषय विशेष पर बोलना है तो सबको उसी विषय पर ही बोलना चाहिए जिससे उस विषय विशेष को मजबूती मिल सकेगी। उन्होंने आचार्य महाश्रमण जी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की मंगल कामना की।आचार्य महाश्रमण जी ने भी मुनि आदित्य सागर जी के उत्तम स्वास्थ्य एवं संयम पथ के प्रति कठिन साधना के प्रति मंगल कामना की।इस महामिलन को देखने बड़ी संख्या में श्रावक श्राविकाएं उपस्थित रहे।

॥ जैनम जयति शासनम ॥

जैन समाज के दिव्य संतों के महामिलन के शुभावसर पर कोटिश: वंदन...

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति, ब्यावर(राज.)

संयम, अहिंसा के दो महापथिकों के दिव्य मिलन का साक्षी बना वर्द्धमान मल्टीमीडिया....

संकलन.. एस. एन. अग्रवाल(बबलू) जनसंपर्क एवं मल्टीमीडिया प्रभारी
अजय चौधरी पेज क्रिएशन एवं मल्टीमीडिया सह प्रभारी